सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

CCL
Fuelling Sustainable Growth

# अपनी बात

अंक : 605 वर्ष 45 रांँची, जून, 2024







# सीसीएल मुख्यालय में कोल कर्मियों को समर्पित 'वाल म्यूरल पेंटिंग' का उद्घाटन




सीसीएल मुख्यालय में 'वाल म्यूरल पेंटिंग'

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 05 जून, 2024 को सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में एक आकर्षक 'वाल म्यूरल पेंटिंग' का उद्घाटन किया गया। कोल कर्मियों को समर्पित इस 'वाल म्यूरल पेंटिंग' का उद्घाटन जेएसएसपीएस के श्री नारायण महतो, जिन्होंने एशियन साइकिलिंग ट्रैक चैंपियनशिप के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पुरुष जूनियर कैटेगरी में रजत पदक जीता था, एवं सीसीएल के चमकते सितारे यानि सीसीएल के लाल – लाडली के छात्र – छात्राओं द्वारा सीएमडी सीसीएल श्री निलेन्दु कुमार सिंह के आशीर्वाद से किया गया। अवसर विशेष पर विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री सतीश झा, निदेशक तकनीकी (संचा. ) श्री हरीश दुहान, सीवीओ, श्री पंकज कुमार, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे।

बताते चलें कि हितधारकों एवं कर्मियों के भीतर खुशी और सक. ारात्मकता के प्रसार एवं मुख्यालय परिसर को सुन्दर बनाने हेतु , सीसी एन्ड पीआर विभाग ने एक जीवंत वॉल म्यूरल पेटिंग का निर्माण करवाया है, जो सीसीएल के समावेशी विकास के थीम पर आधारित है। यह पहल न केवल विभाग की रचनात्मकता को प्रदर्शित करती है बल्कि कम्पनी परिसर के स्थानों के वातावरण को बेहतर बनाने में कला के महत्व पर भी प्रकाश डालती है।

उक्त 'वाल म्यूरल पेंटिंग' सीसी एन्ड पीआर विभाग के विभाग. ाध्यक्ष श्री आलोक कुमार एवं उनकी टीम की यह अद्भुत पहल न केवल सार्वजनिक स्थान को रोशन करेगी बल्कि सीसीएल के मूल्यों को भी बढ़ावा देगी।। सीसी एन्ड पीआर विभाग के विभागाध्यक्ष ने उक्त पेंटिंग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पेंटिंग कर्मठ कोल कर्मियों के अंतर्मन, कोयला खनन गतिविधि के महत्व एवं कोल परिवार की खुशहाली को दर्शाती हुई एक कृति है जो कोल कर्मियों के सीसीएल एवं देश के हित में किये गए योगदान की याद कराती रहेगी।



'वाल म्यूरल पेंटिंग' के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह

सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह ने निदेशक मंडली के श्रमिकों के प्रति सोच को रंगों के माध्यम से सीसीएल परिसर के एक दीवार पर उके. रने के लिए कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन्स एंड पब्लिक रिलेशन्स विभाग को बहुत साधुवाद दिया और इस पहल और पेंटिंग की भूरि – भूरि सराहना की।

# सीसीएल में धूम–धाम से मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस




विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुस्तक का उन्मोचन करते सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशकगण, सीवीओ एवं अन्य

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 1 जून से 5 जून तक सीसीएल परिवार ने पर्यावरण जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यकर्मों का सफल आयोजन किया। 1 जून, 2024 को निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री सतीश झा ने उद्घाटन कर विभिन्न प्रतियोगिताओं का शुभ आरंभ किया जिनमें लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया। पेंटिंग, क्विज, स्लोगन, निबंध एवं कविता पाठ का आयोजन किया गया। 3 जून, 2024 को कर्मचारियों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 4 जून, 2024 को सूती कपड़े का थैला एवं फलदार वृक्ष के पौधों का वितरण किया गया।

5 जून को अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, श्री निलेन्दु कुमार सिंह की अध्यक्षता में ध्वजारोहण एवं शपथ ग्रहण किया गया।

05 जून को सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची में आयोजित कार्यक्रम में सीसीएल के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, श्री निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (संचालन), श्री हरीश दुहान, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री सतीश झा, सीवीओ, श्री पंकज कुमार, विभागाध्यक्ष (पर्यावरण) श्री राज कुमार सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे। इस अवसर पर कर्मियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ लिया। इसके उपरांत निदेशकगण एवं सीवीओ ने पौधारोपण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

पर्यावरण दिवस के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। ज्ञातव्य हो कि कमांड क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पौधा एवं जूट बैग का वितरण किया गया।

मंच संचालन मुख्य प्रबंधक (पर्यावरण), सुश्री संगीता ने किया।



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण करते सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह, सीवीओ एवं अन्य

# अर्पिता महिला मण्डल, सीसीएल द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस



जवाहर नगर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उपस्थित अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती प्रीति सिंह एवं मंडल के अन्य सदस्यगण

दिनांक 5 जून 2024 को जवाहर नगर, सीसीएल मे अर्पिता महिला मण्डल के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अवसर विशेष पर सीसीएल की अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा एवं सीसीएल सीएमडी की धर्मपत्नी श्रीमती प्रीति सिंह ने मंडल के अन्य सदस्यों के साथ जवाहर नगर इको–पार्क मे सूती कपड़े का थैला, भोजन सामग्री एवं बड़ी संख्या में फलदार वृक्ष के पौधों का वितरण किया।

पर्यावरण को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में श्रीमति प्रीति सिंह ने मंडल के अन्य सदस्यों के साथ पौधारोपण भी किया और साथ ही सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर श्रीमति इन्दु मिश्रा, श्रीमति शशि दुहन, श्रीमति किरण झा एवं काफी संख्या में अधिकारीगण एवं महिलाएँ भी उपस्थित थी।

“ जो तुम सोचते हो,
वो बन जाओगे,
यदि तुम खुद को कमजोर सोचते हो,
तुम कमजोर हो जाओगे,
अगर खुद को ताकतवर सोचते हो,
तुम ताकतवर हो जाओगे। ”

– स्वामी विवेकानंद

# सीसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक संपन्न



राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के दौरान चल शील्ड द्वारा राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए विजेताओं को पुरस्कृत करते सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह एवं निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र

दिनांक 06.06.2024 को सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची के नये भवन के तीसरे तल पर अवस्थित सभागार में अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, श्री निलेन्दु कुमार सिंह की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, महाप्रबंधक (का./राजभाषा) श्री संजय कुमार ठाकुर, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षगण, महाप्रबंधकगण एवं राजभाषा नोडल अधिकारी सहित सीसीएल के क्षेत्रों से आए प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, श्री निलेन्दु कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी विभागों के राजभाषा कार्यान्वयन में प्रगतिशील दृष्टिकोण होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हिंदी की लोकप्रियता हेतु आंतरिक कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाना चाहिए एवं हिन्दी के क्षेत्र में आगे बढने व कठिन कार्य करने हेतु हम सब लोगों को साहस करना होगा। साथ ही हिन्दी में कार्य करने के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु विभिन्न विभागों को जिम्मेदारी दी।

निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि यह राजभाषा की बैठक ही नहीं है, अपितु हमारे कार्य का ही एक महत्वपूर्ण भाग है । उन्होंने आगे कहा कि आपसी सहयोग एवं समन्वय से हमें कदम बढ़ाना होगा तभी हम राजभाषा के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेंगे।

महाप्रबंधक (का./राजभाषा) श्री संजय कुमार ठाकुर ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया साथ ही राजभाषा विभाग द्वारा किये गये संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे राजभाषा संबंधी गतिविधियों से सबको अवगत कराया।

बैठक में मूल रूप से हिंदी में पत्राचार, टिप्पण आलेखन व अन्य कार्यालयीन कार्य करने संबंधी प्रोत्साहन योजना तथा हिंदी पुस्तक लेखन प्रोत्साहन योजना , इत्यादि पर विस्तार से चर्चा हुई।

राजभाषा में विगत तिमाही में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए तकनीकी : नगर प्रशासन विभाग, गैर तकनीकी : श्रमशक्ति/का. एवं औ. विभाग एवं क्षेत्र : कुजू क्षेत्र को चल शील्ड द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही, नराकास (उपक्रम) के अंतर्गत आयोजित उपक्रम स्तरीय प्रतियोगिताओं में सीसीएल का प्रतिनिधित्व करने वाले विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक (राजभाषा) श्री संजय कुमार ठाकुर ने की एवं धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबन्धक (खनन) श्री एस आर तालंकार ने की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राजभाषा एवं अन्य विभागों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# गांधी नगर राँची स्थित सेंट्रल हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर आयोजित




गांधीनगर अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर का एक दृश्य

दिनांक 14.06.2024 को 'विश्व रक्तदाता दिवस' के अवसर पर सीसीएल के गांधी नगर स्थित सेंट्रल हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन गांधीनगर सीएमएस प्रभारी डॉ. सुशील कुमार ने किया। इस विशेष अवसर पर डॉ. आर.के. सिंह, सीएमओ एडमिन, जीएनएच, डॉ. अनिता कुमारी, डॉ. खुशबू सरन, डॉ. श्रीमयी मुखर्जी, डॉ. मोहना मंडल, और कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस शिविर में 37 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में पुरुष–महिलाएं सहित कुल 37 लोगों ने अपना रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराना एवं जन–जन में रक्तदान के लिए जागरूकता बढ़ाना था।

रक्तदान एक महत्वपूर्ण और जीवनरक्षक कार्य है। रक्त की कमी से पीड़ित मरीजों को जरूरत के समय जीवन प्रदान करती है, इस प्रकार रक्तदान करके हम समाज के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

रक्तदान महादान होता हैं, इससे न केवल मरीजों को लाभ होता है, बल्कि रक्तदाता को भी कई लाभ होते हैं। रक्तदान करने से रक्त का नया संचरण होता है, जिससे शरीर स्वस्थ रहता है। इस प्रकार, रक्तदान शिविर का आयोजन एक महत्वपूर्ण कार्य है जो मरीजों और रक्तदाताओं दोनों को लाभ पहुंचाता है। हम सभी को इस कार्य में भाग लेकर समाज की सेवा करनी चाहिए। शिविर के सफल आयोजन में गांधीनगर अस्पताल के चिकित्सकों, तकनीशियनों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

इस तरह सीसीएल न केवल देश को ऊर्जा जरूरतों को सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए भी कृतसंकल्पित हैं।

> “ सपना वो नहीं होता जो आप नींद में देखते हैं,
> सपना तो वो होता है जो आपको साने नहीं देता है। ”
> – डॉ. ए. पी. जे. अब्दूल कलाम

# सीसीएल में पॉश (POSH) अधिनियम पर कार्यशाला का आयोजन



पॉश (POSH) अधिनियम पर आयोजित कार्यशाला का एक दृश्य

दिनांक 15.06.24 को निदेशक (कार्मिक) सीसीएल, श्री हर्ष नाथ मिश्र के मार्गदर्शन में मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा प्रकाश हॉल में यौन उत्पीड़न निवारण (POSH) अधिनियम पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा इंटरैक्टिव सत्र में विस्तार से चर्चा की गई। इसमें सीसीएल के मुख्यालय और क्षेत्रों सहित कुल 31 अधिकारियों ने भाग लिया।

महाप्रबंधक (एचआरडी) श्री आर के पांडेय ने सभी प्रतिभागियों और संकाय सदस्यों का स्वागत किया ।

पहले सत्र में सीसीएल की सीएमएस डॉ. सुमन सिंह द्वारा पॉश (POSH) अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों एवं एक महिला कर्मचारी के अधिकारों से प्रतिभागियों को परिचित कराया गया । उन्होंने आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) की भूमिकाओं, जिम्मेदारियों और प्रक्रियाओं के बारे में भी विस्तार से बताया।

दुसरे सत्र में श्रीमती सुचिंद्रा द्वारा पीओएसएच (POSH) अधिनियम के तहत अधिकारों और जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने अधिनियम के तहत कर्मचारियों और नियोक्ताओं दोनों के अधिकारों और जिम्मेदारियों को रेखांकित किया।

'कार्यस्थल पर रोकथाम और व्यवहार' विषय पर सत्र को श्रीमती रश्मी साहा ने संबोधित किया। सुश्री साहा एक फ्रिलांसर और एनजीओ प्रमुख एवं विषय विशेषज्ञ भी है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में एचआरडी विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभागों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सीसीएल के इस आयोजन को सभी महिला कर्मियों ने सराहना किया।

> “ऐसे जिएँ कि जैसे आपको कल मरना है
> और
> सीखें ऐसे जैसे आपको हमेशा जीवित रहना है।”
> – महात्मा गांधी

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस'




अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग करते सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशकगण, सीवीओ एवं अन्य

दिनांक 21 जून, 2024 को प्रातः 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर सीसीएल द्वारा काँके रोड स्थित जवाहर नगर, राँची में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह सहित निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री हरीश दुहान, सीवीओ श्री पंकज कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारीगण, महिलाएँ तथा बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे। सभी ने इस योग शिविर में उत्साह के साथ भाग लिया और इसका लाभ उठाया। योग शिविर में सभी ने योग की विभिन्न प्राणायामों का योगाभ्यास किया।

सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह ने योग पर चर्चा करते हुये कहा कि नियमित योग करने से व्यक्ति के न केवल प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है बल्की बौद्धिक–मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से भी समृद्ध होता है। स्वस्थ जीवन के लिए योग को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है।

सीसीएल के सभी क्षेत्रों में भी योग शिविर का आयोजन कर 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाया गया।

> "अपनी ताकत पर भरोसा करो,
> उधार की ताकत तुम्हारे लिए घातक है।"
> – नेताजी सुभाष चंद्र बोस

# जेएसएसपीएस के विकास कच्छप बने झारखंड राज्य के प्रथम इंटरनेशनल मेडलिस्ट पहलवान

## सी.सी.एल एवं झारखण्ड सरकार द्वारा संयुक्त रूप से संचालित खेल अकादमी

झारखण्ड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाईटी (जेएसएसपीएस) के विकास कच्छप ने जॉर्डन के अमान में 21 जून से आयोजित अंडर–17 सब जूनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक अर्जित कर झारखंड राज्य सहित भारत देश का परचम लहराया । 30 जून तक खेली जाने वाली इस प्रतियोगिता में रविवार को विकास ने कोरिया के पहलवान को एकतरफा मुकाबले में 8–0 से हरा कर भारतीय कुश्ती टीम की झोली में कांस्य पदक डाला। पदक जितने के उपरांत वह झारखण्ड का पहला इंटरनेशनल पहलवान बना जिसने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीता है।



जेएसएसपीएस जिसे सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड एवं झारखण्ड राज्य सरकार का संयुक्त रूप से संचालन किया जा रहा है और इसका मुख्य उद्देश्य झारखंड राज्य के प्रतिभावान बच्चों को खेल जगत में प्रोत्साहित करना है।

वर्तमान में जेएसएसपीएस खेल अकादमी में कुल 288 प्रशिक्षु हैं जिन्हें कुल 11 खेल विधाओं जैसे वेटलिफ्टिंग, साईकलिंग, मुक्केबाजी, कुश्ती आदि में निपुण प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।

इस प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए जेएसएसपीएस एवं सीसीएल परिवार ने शुभकामनायें दी है।



# सीसीएल से सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई




सम्मान–सह–विदाई समारोह का एक दृश्य

दिनांक 29 जून, 2024 को सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हो रहे 6 कर्मियों – श्री मनोज कुमार प्रसाद, महाप्रबंधक (उत्खनन), उत्खनन विभाग, श्री उदित प्रताप नारायण, महाप्रबंधक (सामाजिक सुरक्षा), सामाजिक सुरक्षा विभाग, श्री विनय कांत सिन्हा, मुख्य प्रबंधक (वित्त), विपणन एवं विक्रय विभाग, श्री प्रदीप निरल टोप्पो, कार्यालय अधीक्षक (ए–1), सांख्यिकी विभाग, श्रीमती जूनिका परपिया, मेट्रोन (ए–1), गांधीनगर अस्पताल एवं श्री प्रेम सिंह, वरीय लिपिक, सामान्य प्रशासन को सीसीएल की ओर से एक "सम्मान–सह – विदाई समारोह" का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। ज्ञात हो कि जून महीने में सीसीएल से कुल 86 कर्मचारी सेवा निवृत्त हुए हैं ।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (अधिकारी स्थापना) श्री संजय कुमार ठाकुर ने सभी सेवा निवृत्त हो रहे कर्मियों को शॉल, श्रीफल, पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र, सर्विस सर्टिफिकेट आदि प्रदान कर सम्मानित किया। अवसर विशेष पर श्री ठाकुर ने सेवा निवृत हो रहे कर्मियों से कहा कि सभी अपने–अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें जिससे कि आप दुसरे पर निर्भर न रहें। उन्होंने आगे कहा कि आप सभी के लिए आज एक यादगार दिन है और कंपनी से जब भी आपको कोई जरूरत पड़े तो कंपनी एवं मैनेजमेंट आपके साथ होंगे।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यानुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) प्रदर्शित भी किया गया जिसके माध्यम से सेवा निवृत हो रहे कर्मियों ने अपने संपूर्ण सेवाकाल के यादगार लम्हों को सभी से साझा किया।

कार्यक्रम का संचालन, स्वागत भाषण एवं धन्यवाद ज्ञापन मुख्य प्रबंधक (कल्याण) श्रीमती केया मुखर्जी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभागों का विशेष योगदान रहा।

> "इंतजार करने वाले को उतना ही मिलता है
> जितना कोशिश करने वाले छोड़ देते हैं।"
>
> – डॉ एपीजे अब्दुल कलाम

# सोशल मीडिया में सीसीएल













(आंतरिक वितरण हेतु सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित)
सम्पादक : आलोक कुमार, विभागाध्यक्ष, जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, उप प्रबंधक (जनसम्पर्क), मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), मनीष कुमार तिवारी, एमटी, जनसम्पर्क विभाग